## खबर संक्षेप

### मारूड के प्रतिनिधि मंडल ने सांसद से की भेंट



**पांढुर्णा।** विकासखंड के ग्राम मारूड से जनपद पंचायत सदस्य राजेंद्र ठाकरे के साथ ग्राम के एक प्रतिनिधि मंडल ने आज छिंदवाडा में सांसद बंटी उर्फ विवेक साहू से भेट की। इस प्रतिनिधि मंडल ने कोलीखापा जलाशय निर्माण, क्षेत्र के मीडिल एवं हायरसेकंडरी स्कूल में बिजली कनेक्शन दिए जाने, ग्रामीणों की सुविधा के लिए रामचंद्र गुडधे के खेत से चिकनी एवं दिगंगर पोतदार के खेत से खेडीकला तक रास्ते का निर्माण, गुरू साई शिव मंदिर परिसर में सांस्कृतिक कक्ष निर्माण के अलावा भाउराव पोतदार के उपचार हेतु आर्थिक सहायता की मांग रखी। ग्राम के प्रतिनिधि मंडल में दिगंबर पोतदार, कैलाश ठाकरे, शामराव शोभने, रामकृष्णा पोतदार, सुभाष सोनकुसले तथा साहेबराव दाढे मौजूद रहे।

### मनाया तीर्थंकर विमलनाथजी का मोक्षकल्याणक

**छिंदवाड़ा।** आषाढ़ कृष्ण अष्टमी के शुभ दिन अहिंसा स्थली गोल गंज स्थित श्री आदिनाथ दिगंबर जिनालय में सकल जैन समाज के साथ श्री दिगंबर जैन मुमुक्षु मंडल एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन द्वारा वर्तमान चौबीसी के 13 वें तीर्थंकर 1008 विमलनाथ भगवान का मंगलकारी मोक्षकल्याणक महोत्सव मनाकर निर्वाण लाडू चढ़ाया। फेडरेशन सचिव दीपक राज जैन ने बताया प्रातःकाल की मंगल बेला पर बड़ी संख्या में श्रावकगणों ने श्री जिनेन्द्र पूजन कर श्री विमलनाथ भगवान की पूजन की ओर निर्वाण लाडू चढ़ाकर मोक्षकल्याणक की खुशियां मनाई। इस अवसर पर अलीगढ़ मंगलायतन से पधारे पंडितश्री अशोककुमार जी लुहाड़िया का समागम प्राप्त हुआ। मोक्षकल्याणक के पश्चात श्री चौंसठ ऋद्धि विधान का आयोजन किया गया।

### खनिज निरीक्षक की लगातार सुस्त कार्यप्रणाली, वरिष्ठ अधिकारी भी नहीं कर रहे कार्यवाही

# पुलिस ने रेत चोरी करते पकड़े दो ट्रक

हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया

तामिया तहसील में वहने वाली राजस्व एवं वन भूमि की सभी नदियों से खनिज निरीक्षक के अघोषित संरक्षण के चलते रेत चोरी का धंधा बरसों से लगातार फलता फूलता चला आ रहा है। अब तो आलम यह हो चुका है! रेत के वाहन दिन में भी रेत लेकर निकल रहे हैं। इन्हें ना तो खनिज एवं राजस्व विभाग का कोई भय नाम की चीज नही है क्योंकि इन्हें आघोषित संरक्षण जो प्राप्त है। रेत चोरी करने वालों में चर्चा यह भी है कि खनिज निरीक्षक के रेत चोर हमेशा सहयोगी रहे हैं। क्योंकि उदाहरण के तौर पर पिछले कुछ दिनो पूर्व जुन्नारदेव तहसील की कट्टा नदी में रेत चोरी करते रेत चोर की शिकायत पर खनिज निरीक्षक ने तीन ट्रैक्टर



रेत के पकड़े थे जिनको तामिया थाने लाने के लिए रेत चोरों का सहारा लेना पड़ा था जिसमें 15 लीटर डीजल एवं ट्रैक्टर लाने ड्राइवर की व्यवस्था आदतन रेत चोर द्वारा खनिज निरीक्षक को सहायता के तौर पर उपलब्ध करवाई गई थी। इसी तरह कई बार इन्ही रेत चोरों के हाइड्रा जेसीबी मशीन नदी में रेत पकड़ने पर बाहर निकालने के लिए सहयोग किये जाने की भी चर्चा है। इसलिए रेत चोर दमदारी से दिन रात ओवरलोड रेत के वाहन निकालते हैं।

सीएम हेल्पलाइन में शिकायत पर खनिज निरीक्षक रेत चोरों पर कार्यवाही करने राजी नहीं है। इन सब वजहो से क्षेत्र की खनिज निरीक्षक की कार्य प्रणाली पर सवाल खड़े होते रहे है, उन पर सवाल खड़े होने की पुष्टि आज सुबह तब हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसीलदार एवं नगर निरीक्षक थाना छिंदी से तामिया के बीच में रेत ले जाते दो ट्रक पकड़े गये वाहनों से स्वयं सिद्ध हो गया कि खनिज निरीक्षक के अघोषित संरक्षण में रेत का अवैध खनन एवं परिवहन जमकर हो रहा है। इस तरह आज सुबह पकड़े गए रेत के वाहनों से सिद्ध हो गया कि रेत चोर ट्रांसपोर्टर की तर्ज पर रेत की चोरी कर रहे थे और खानिज निरीक्षक के अघोषित संरक्षण के चलते राजस्व की सैकड़ो घनी मीटर प्रति दिन रेत की चोरी होने से पर्यावरण के साथ राजस्व की हानी हो रही थी कम से कम ईस चोरी से तो स्वयं सिद्ध हो गया तामियि में रेत चोरी का धंधा चल रहा है।

इस करवाई से रेत चोरों हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई लेकिन देखना है कि बरसों से रेत चोरी करने वाले इस कार्रवाई से रेत चोरी बंद करेंगे या फिर रेत चोरी का यह गोरखधंधा यूं ही पूर्व की तरह चलता रहेगा।

### एलईडी टीवी और केशबुक वापस लाना पहली चुनौती

## परासिया नपा सीएमओ साक्षी का तबादला, चांदामेटा सीएमओ को मिला प्रभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया

परासिया नगर पालिका की सीएमओ साक्षी बाजपेई का तबादला हो जाने के बाद नगर पंचायत चांदामेटा में पदस्थ सीएमओ भरत गजबे को नपा परासिया का प्रभार मिला है ।उनके सामने नगर पालिका परासिया से गायब एल ई डी टीवी और कैशबुक को वापस लाना पहली चुनौती है । नगर पालिका परासिया से एल ई डी टीवी गायब होना और कैश बुक का नहीं मिलना चर्चा का विषय बना हुआ है । इसको लेकर पिछली सीएमओ साक्षी वाजपेयी से पार्षदों के द्वारा शिकायत की गई थी । जिस पर दोनों ही मामलों में सीएमओ वाजपेई ने अधीनस्थ कर्मचारियों को जांच के आदेश दिए थे , किंतु यह मामला केवल जांच तक सीमित रह गया और अब सीएमओ का तबादला हो गया है । नए सीएमओ भरत गजबे प्रभारी के तौर पर नगर पालिका परासिया की जिम्मेदारी संभालेंगे , लेकिन उनके सामने कैशबुक और एल ई डी का मुद्दा मुंह बाए खड़ा होगा । उनके लिए एल ई डी टीवी और कैश बुक को वापस लाना चुनौती से कम नहीं है , क्योंकि इस मामले में नपा के कर्मचारियों अधिकारियों और अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को भी कैश बुक और एलइडी टीवी की स्थिति के बारे में भली भांती पता है , लेकिन कोई भी इस मामले को गंभीरता से नहीं ले रहा है । वहीं इस मामले में नपा में नेता प्रतिपक्ष वीर बहादुर के द्वारा कलेक्टर और एस पी के स्तर तक शिकायत की जा चुकी है और वह लगातार इस मामले की जांच कर नपा की संपत्ति एलईडी और आर्थिक मामलों से जुड़ी कैश बुक वापस लाने की मांग कर रहे हैं ।

# आनंद हॉस्पिटल पर सात हजार का जुर्माना

**कब हटेगा प्रथम तल के कॉरिडोर पर भी जायसवाल हॉस्पिटल और आनंद हॉस्पिटल का कब्जा, निगम कर्मचारी लेते हैं घूस**

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

आनंद हॉस्पिटल पर सात रूपए का जुर्माना करके निगम अपनी पीठ थपथपाने में लगा है। वर्षों से बस स्टैंड की पार्किंग और प्रथम तल के कॉरिडोर में जायसवाल स्कीन हॉस्पिटल का कब्जा लगा है। फिर भी निगम के कर्मचारी जाकर घूस लेते है और कार्रवाई नहीं करते। नाम मात्र की कार्यवाही के कारण ही अतिक्रमणकर्ताओं के हौसले बुलंद है और वे बेधड़क कॉरिडोर पर कब्जा करके बैठे है। अतिक्रमण विरोध टीम के प्रभारी को इस ओर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है कि विवेकानंद परिसर में जो भवन बनाए गए हैं उन पर अवैध कब्जे हटाए जाए।

नगर निगम आयुक्त श्री चंद्रप्रकाश राय के निर्देश पर सहायक आयुक्त सुश्री मीना कोरी ने निगम अतिक्रमण दस्ते के साथ स्वामी विवेकानंद परिसर स्थित बस स्टैंड में अतिक्रमण विरोधी



चालानी कार्यवाही की।बस स्टैंड परिसर में बनाए गए सार्वजनिक उपयोग के लिए बनाए कमरे में आनंद हॉस्पिटल द्वारा अपना सामान रख लिया गया था, जिसके कारण परिसर में असुविधा उत्पन्न हो रही थी। इसके साथ ही अन्य दुकानदारों द्वारा भी दुकान की तय सीमा से बाहर व्यवसाय किया जा रहा था। इन अतिक्रमण पर कार्यवाही करते हुए निगम के अतिक्रमण दल ने उक्त स्थानों से अतिक्रमण को हटाया । इसके साथ ही आनंद हॉस्पिटल पर 7000 रुपए तथा अन्य तीन दुकानदारों पर 500-500 रुपए की चालानी कार्यवाही की गई। इसके उपरांत बस स्टैंड में ही गाड़ी वाशिंग सेंटर चालक द्वारा शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमण को भी दल द्वारा हटाया गया।

# आदिवासियों पर बढ़ रहे अत्याचार के मामले, सपोर्ट में आई गुलाबी गैंग, रेप का मामला भी उठाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र छिंदवाड़ा में आदिवासियों पर किए जा रहे है। जमीन हस्तांतरण का मामला हो या फिर चाहे पुलिस पर आरोप हो आदिवासियों के साथ सरकार खड़ी नहीं दिखाई दे रही है। आदिवासियों पर हुए दो मामलों पर सपोर्ट गुलाबी गैंग आ गई।

कमाण्डर पूर्णिमा वर्मा ने विगत 3 जून को पॉढुर्णा के तिगॉव में हुई घटना के संबंध में प्रेस कान्फ्रेंस में बताया कि जब उन्हे तिगॉव में हुई इस वीभत्स एवं दर्दनाक घटना और पुलिस कस्टडी में एक आदिवासी के साथ बर्बरता करते हुये उसकी हत्या की जानकारी मिलने पर वे मुंबई प्रवास से सीधे पीड़ति परिवार के पास तिगॉव पहुँचकर घटना की जानकारी ली और परिवारजनों के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पॉढुर्णा जाकर पुलिस अधीक्षक से फोन पर चर्चा के दौरान उन्होनें कहा कि इस घटना की जांच प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट की



जांच में लेकर तथाकथित एस.आई. शिवकरण पाण्डे को तत्काल लाईन अटैच कर दिया गया है । गुलाबी गैंग कमाण्डर पूर्णिमा वर्मा ने बताया कि मृतक की पत्नी और चश्मदीद महिला जो कि इन्ही की रिश्तेदार है, ने बताया कि शराब ठेकेदार अज्जू ठाकुर के दो आदमी और एस.आई. शिवकरण पांडे ने उसके पति को मारपीट कर जबरन तिगाँव मांडवी में घर से उठाकर ले गये, जो कि न तो शराब बेच रहा था और न ही शराब की दुकान पर बैठा था, परंतु एस.आई. द्वारा मृतक पर जबरदस्ती शराब आबकारी अधिनियम धारा 34 (2) का मामला बनाया गया और 4 जून को जिला जेल में दाखिल कराया गया । उस समय मृतक शारीरिक रूप से पूर्णतः स्वस्थ्य था परंतु एस.आई. के द्वारा मृतक की छाती में जूते भरे लाते मारे गये, उसकी पत्नी ने कहा कि उसके पति ने मृत्यु पूर्व बताया था कि एस.आई. एवं अन्य पुलिस कर्मी ने उसके पति के साथ लात, जूतों से छाती में मारपीट की जिससे उसे छाती में दर्द के साथ-साथ पूरे शरीर में दर्द था, इसके बाद मृतक का जिला जेल के डॉक्टर द्वारा इलाज किया गया लेकिन हालत में सुधार न होने की वजह से करीब 8 बजे उसे जिला अस्पताल लाया गया जहॉ प्राथमिक उपचार के बाद उसकी मौत हो गई ।

## राशनकार्ड ईकेवायसी में जिला प्रदेश में तीसरे स्थान पर

**पांढुर्ना।** कलेक्टर अजय देव शर्मा ने आज सीएम हेल्पलाईन की 50 दिवस से अधिक दिनों से लंबित शिकायतों पर ध्यान नहीं दिए जाने के कारण आदिमजाति कल्याण विभाग, जल संसाधन विभाग, चिकित्सा विभाग तथा महिला एवं बालविकास विभाग प्रमुखों को नोटिस जारी किया। वर्तमान में सीएम हेल्पलाईन शिकायतों के निराकरण में जिले का प्रतिशत 80 है। समीक्षा में देखा



गया कि जिले के कुछ अधिकारी सीएम हेल्पलाईन की शिकायतों के निराकरण में रूची नहीं लेते। यहां उल्लेखनीय है कि जिले में पात्रता पर्ची से राशन प्राप्त करनेवालों की संख्या 2,89,300 है। इन हर सदस्य का ईकेवायसी किया जाना जरूरी है। कलेक्टर महोदय के निर्देश पर जिले में समस्त राशन कार्डधारकां की ईकेवायसी अभियान में संबंधित विभाग के साथ एसडीएम, तहसीलदार, ना. तहसीलदार और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को लगाया गया है। नगरीय क्षेत्र के लिए मुख्य नगरपालिका अधिकारी पांढुर्ना एवं सौंसर, सीएमओ मोहगांव, लोधिखेडा, पीपला ना. वार द्वारा भी सहयोग प्रदान किया जा रहा है। वर्तमान में पांढुर्ना जिले में राशन कार्ड के माध्यम से अन्न प्राप्त करनेवालें 95 पतिशत की ईकेवायसी कर पांढुर्ना प्रदेश में लगातार 3 रे स्थान पर बना हुआ है। जिले में अभी 12797 सदस्यों का ईकेवायसी होना शेष है। राशन दुकान संचालकों द्वारा लगातार सदस्यों से संपर्क किया जा रहा है। राज्य शासन ने इस कार्य हेतु 30 जून 2025 तक समयसीमा निर्धारित की है।

# सांसद ने किया श्रद्धा शबरी फाउंडेशन का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

जिले के सांसद विवेक बंटी साहू द्वारा गुरूवार को जिले के प्रतिष्ठित यमन साहू द्वारा निर्मित श्रद्धा शबरी फाउंडेशन के कार्यालय का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिक उपस्थित थे।

# देहात थाना पुलिस ने जब्त किया गांजा

**पुलिस ने पांच सौ किलो गांजे के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार**

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

पुलिस अधीक्षक महोदय छिन्दवाडा श्री अजय पाण्डे एवं श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री आयुष गुप्ता (आई.पी.एस.) के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक महोदय श्री अजय राणा के द्वारा अवैध मादक पदार्थ के विक्रय पर अंकुश लगाए जाने के निर्देश प्राप्त हुए है। दिनांक 18.06.25 को देहात पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी की भैसादण्ड निवासी सोविन्द पिता इन्दर जी यदुवंशी काराबोह डेम के पास अवैध रुप से मादक पदार्थ गांजा रखकर उसे बेचने की फिराक में खडा है। जो तत्काल थाना प्रभारी देहात गोविन्द राजपूत द्वारा थाना स्तर पर सउनि संदीप सिंह राजपूत आर. 779 सौरभ बघेल, आर. 201 विजय, आर.414 ब्रजेश, आर. 836 उमेश म.आर.320 रानू को आवश्यक दिशा निर्देश देकर रेड



कार्यवाही करने रवाना किया गया था जो उक्त टीम द्वारा आरोपी को अभिरक्षा में लेकर आरोपी के कब्जे से 500 ग्राम मादक पदार्थ गांजा जप्त कर आरोपी के विरुद्ध अप.क्र. 324/25 धारा 8,20 NDPS एक्ट का मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**गिरफ्तार आरोपीः-** सोविन्द पिता इन्दर जी यदुवंशी उम्र 43 साल सा. भैसादण्ड थाना देहात जिला छिन्दवाडा

**जप्तीः-** 500 ग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमती 4500/-

**महत्वपूर्ण भूमिकाः-** निरी, जी.एस. राजपूत, सउनि संदीप सिंह राजपूत आर. 779 सौरभ बघेल, आर. 201 विजय आर.414 ब्रजेश, आर. 836 उमेश म. आर. 320 रानू बघेल आदि का योगदान रहा।

# चलित पशु चिकित्सा इकाई से पशुओं की सेवा कर रहे वेटनरी डॉक्टरों को चार माह से वेतन नहीं

**छिंदवाड़ा समेत प्रदेश भर में एंबुलेंस स्टाफ की चल रही हड़ताल**

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

पशुपालन विभाग अपनी योजनाओं के माध्यम से घर घर जाकर पशु सेवा करता है और प्रदेश भर में चार सौ से ज्यादा पशु एंबुलेंस चलाई जाती है जिसमें वेटनरी डॉक्टर से लेकर एवीएफओ और ड्राइवर को तैनात किया जाता है। ये एंबुलेंस मौके पर जाकर इलाज करने का काम करती है। परंतु प्रशासनिक सुस्त कार्यप्रणाली की वजह से आज इन एंबुलेंस के पहिए थम गए है।

कारण सिर्फ एक कि इसमें कार्यरत कर्मचारियों को चार माह से वेतन नहीं दिया गया है। प्रदेश भर में इस सेवा को संचालित करने वाली कंपनी टीएडएम ने 15 फरवरी 2025 से अब तक वेतन नहीं दिया गया है जिससे इसका विरोध छिंदवाड़ा के अलावा प्रदेश के सभी जिलों में अपने अपने स्तर से किया गया। ज्ञापन के माध्यम से कई बार अपनी मांग वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचाई गई। अंततः थक हारकर इन एंबुलेंस के पहियों को थामने का




वक्त आ गया है। इन कर्मचारियों के विरोध को देखते हुए निजी कंपनी के अधिकारियों से बात तो की परंतु इच्छाशक्ति के अभाव में कभी कागजों की कमी तो कभी बजट की कमी का बहाना कर चार माह से मुफ्त की सेवाएं प्राप्त कर रहे है।

प्रदेश के कुछ जगहों पर निजी कंपनी ने एवीएफओ और ड्रायवरों का वेतन तो कर दिया है परंतु दिन रात खून पसीना एक कर पशुओं की सेवा करने वाले डॉक्टर आज भी वेतन के लिए मोहताज है। जिनके पेट भरे है उनसे चार माह भी बिना वेतन के काट सकते है परंतु वेटनरी डॉक्टर अपने वेतन की राह देखते देखते आखिर जगह जगह वेतन की मांग करने के लिए मजबूर होते नजर आ रहे है। प्र शा स नि क अधिकारियों का यह अडियल रवैया कहीं बेजुबानों के लिए कहीं श्राप न साबित हो जाए। इसके लिए वरिष्ठ अधिकारियों को शीघ्र अतिशीघ्र वेतन प्रदान कर पशु चिकित्सा विभाग की इस एंबुलेंस सेवा को निरंतरता प्रदान करने की नितांत आवश्यकता है।

पीड़ित चिकित्सक ज्ञापनों के माध्यम से अपने बात लोकतांत्रिक तरीके से प्रशासन के समक्ष रख रहे है परंतु प्रशासन है कि विषय की गंभीरता को न समझते हुए न तो इंक्रीमेंट प्रदान कर रहा है और न ही वेतन। चलित पशुचिकित्सा इकाई की सेवा प्रदान करने वाले अधिकारियों कर्मचारियों ने उपसंचालक के समक्ष अपना मांग पत्र रखा है।

### सिकल सेल दिवस पर शिविर का आयोजन, 959 रोगियों को मिला लाभ

# हम सब मिलकर बनाएंगे सिकल सेल मुक्त छिंदवाड़ाः सांसद साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया

हर साल दुनिया भर में 19 जून वर्ल्ड सिकल सेल डे के रूप में मनाया जाता है। सिकल सेल बीमारी एक अनुवाशिंक (जेनेटिक) बीमारी है, जो माता-पिता से बच्चों में आती है। विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर छिंदवाडा सांसद विवेक बंटी साहू के विशेष प्रयास से गुरुवार को तामिया जनपद पंचायत के सामुदायिक भवन में सिकल सेल मरीजों के लिए एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर होम्योपैथी वेलफेयर एसोसिएशन के माध्यम से आयोजित किया गया है। सांसद ने देवी सरस्वती के चित्र में माल्यार्पण दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया।



इस मौके पर पर सांसद विवेक बंटी साहू ने कहा कि विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर हौम्योपैथिक वेलफेयर ऐसोशियेसन द्वारा स्वास्थ शिविर में ग्रामीणों को लाभ मिलेगा। हमारे प्रदेश के माननीय राज्यपाल मंगू भाई पटेल की विशेष रूचि सिकल सेल उपचार दिलाने की है। उन्होंने 15 साल पहले एक सिकल सेल पीड़ति बच्चे का वाकया सुनाया उस बच्चे के माता पिता नही थे उनके दादा को बहुत प्रयास के बाद ब्लड नही मिला रात में बच्चे का निधन हो गया। दूसरे दिन अखबारों में पढ़ा तब महसूस हुआ कि ये हम सबके लिए अभिशाप है तब से प्रयास शुरू किया बाद में जानककड़ी मिली सिकल सेल के उपचार के लिए हौम्योपैथिक सबके लिए कारगर होने के साथ सकारात्मक परिणाम सामने आए आज जिले में 1856 में तथा तामिया के 272 सिकल सेल मरीज है देश के पीएम मोदी जी ने आजादी के 100 वर्ष के साथ सिकल सेल मुक्त भारत बनाने का लक्ष्य रखा है जिसे हम पूरा करेंगे। अब शादी से पहले जन्म कुंडली के साथ मेडिकल टेस्ट वाली कुंडली बनवाये,पहले उपचार से रोग को रोका जा सकता है। हमारे देश मे कई लोग उपचार के बिना मर जाते है। सरकार सब कुछ कर रही है सिकल सेल मरीजो को प्रतिमाह 300 रूपये दिए जा रहे है। बीमारी से डरे नही इलाज कराए आधी रात को हम तैयार है। मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ अधिकारी डॉ एन के शास्त्री ने बताया कि सिकल सेल बीमारी मे शरीर के रेड ब्लड सेल्स में ऑक्सीजन की कमी होने लगती है, जिसके कारण आपके सेल्स का आकार गोल नहीं बनता है, जिससे ये सेल्स गलत हँसिया आकार में नजर आते हैं। इसलिए, इस बीमारी को सिकल (हंसिया) सेल कहा जाता है। इस बीमारी के कारण पीड़ित व्यक्ति में ऑक्सीजन ट्रांसपोर्ट, इंफेक्शन, दर्द और शरीर के अन्य हिस्सों को नुकसान हो सकता है।

### तहसीलदार ने जब्त किया भंडारण

# मैनावाड़ी में रखा था रेत का अवैध भंडारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



ग्राम पंचायत पगारा के ग्राम मैनावाडी में रेत का अवैध भंडारण रखा हुआ था । जिसे परासिया तहसीलदार ने अपनी टीम के साथ पहुंचकर जब्त किया । इस मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर रेत परासिया जनपद के सुपुर्द की गई ।ग्राम मैनावाडी में एक सरकारी भूमि पर अलग - अलग जगहों पर बड़ी मात्रा में रेत का भंडारण अवैध रूप से रेत निकालने वालों के द्वारा किया गया था । जिसकी सूचना मिलने पर नायब तहसीलदार राम सूर्यवंशी , पगारा ग्राम पंचायत के सचिव इमरत यदुवंशी , पटवारी आरती और कोटवार ओम डेहरिया ने मौके पर पहुंचकर अवैध रूप से रखी रेत को जब्त कर जनपद के हवाले कर दिया है । रेत का आंकलन 50 ट्राली किया गया है । वहीं यह रेत किन लोगों द्वारा अवैध रूप से निकालकर भंडारित की गई इसका पता लगाया जा रहा है । इसके अलावा कुंडली में एक ट्रैक्टर ट्राली को रेत का अवैध परिवहन करते हैं पकड़ा गया और ट्रैक्टर को देहात थाना में खड़ा कर दिया गया है । बता दें , कि हाल ही में प्रशासन के द्वारा चार माह के लिए नदी नालों से रेत निकाले जाने पर प्रतिबंध लगाया गया है ।

### पीएम आवास हितग्राहियों को दी जाएगी रेत

मैनावाडी से जब्त की गई रेत जनपद के द्वारा पीएम आवास के हितग्राहियों को दी जाएगी जिससे उन्हें अपना आवास बनाने में सुविधा होगी और खर्च भी कम होगा । इसके लिए ग्राम पंचायतों को भंडारण स्थल से रेत ले जाने की आदेश दिए जा चुके हैं ।

## पेयजल संकट से निपटने के लिए शासन की योजनाओं को गति दे रही है नगरपालिका परिषद



**जुन्नारदेवः** नगरपालिका परिषद जुन्नरदेव द्वारा अमृत 2.0 योजना के तहत नई पानी की टंकी का निर्माण किया जा रहा है। नगर पालिका परिषद पेयजल संकट से निपटने के लिए शासन की योजनाओं को गति दे रही है ।यह निर्माणाधीन पानी की टंकी लगभग 750000 लीटर पानी क्षमता की होगी।जिससे नगर की जल आपूर्ति में तुरंत सुधार की उम्मीद है। इससे वार्ड वासियों को नियमित व पर्याप्त पानी सप्लाई हो सकेंगे। निर्माणधीन पानी की टंकी के निरीक्षण के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे सीएमओ नेहा धुर्वे ने बताया कि "यह अमृत 2.0 योजना पूरे नगर में जल आपूर्ति प्रणाली को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम है। हमारा उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण और निरंतर पानी उपलब्ध करवाना है। इस अवसर पर उपयंत्री अनुराग सरैया, शरद कुरोलिया सहित नगर पालिका के अन्य कर्मचारी पार्षद गण उपस्थित थे।

## जबलपुर के अधिकारियों ने किया अचानक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

गुरुवार को जबलपुर से आए अधिकारियों के टीम के द्वारा सौसर सभागीयकार्यालय का आकस्मित निरीक्षण किया।मिली जानकारी के अनुसार मुख्य अभियंता(जबलपुर क्षेत्र) के.एल. वर्मा व्दारा सौंसर संभाग अन्तर्गत 33/11 के.वी. उपकेन्द्र, एफ.ओ.सी. सेन्टर सौंसर(शहर) एंव संभागीय कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान श्री वर्मा के द्वारा विधुत व्यवस्था, घरेलु एंव कृषि फीडरों की विधुत सप्लाई, ट्रिपिंग, लाईनों का रखरखाव एंव एफ.ओ.सी. सेन्टर में दर्ज शिकायतें एंव उनके निराकरण में लगने वाले समय की समीक्षा की, साथ ही एल.टी.आर.यू.(ट्रांसफार्मर रिपेयरिंग यूनिट) के साथ उपस्थित कर्मचारियों से ट्रांसफार्मर को सुधारने की प्रक्रिया की जानकारी ली,1912 कॉल सेन्टर पर पंजीकृत शिकायतों का समाधान यथाशीघ्र करने,33 के.वी.,11 के.वी. लाईनों, वितरण ट्रांसफार्मरों का रखरखाव समय-सीमा में करने एंव उपभोक्ताओं के साथ जनसंवाद कर समस्याओं का निराकरण करने के भी निर्देश दिए। संभागीय कार्यालय निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता, छिन्दवाड़ा खुशियाल शिववंशी, कार्यपालन अभियंता, सौंसर अखिलेश श्रीवास्तव, सहायक अभियंता रण्जीत गौण्ड,आदि उपस्थित थे।

## भोपाल से हुए आदेश पर सुपारी कंपनी पहुंची पुलिस

**सौंसर।** बुधवार की मध्य रात्रि औद्योगिक क्षेत्र में संचालित सुपारी कंपनी मैं लोधीखेड़ा पुलिस के द्वारा अचानक पहुंचकर यहां से निकलने वाले माल से भरे ट्रक पर रोक लगा दी,सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अचानक हुई कार्रवाई को लेकर कंपनी प्रबंधन पुलिस प्रशासन पर तरह-तरह के आरोप लगाते हुए बताया कि पुलिस के द्वारा अचानक 11:30 बजे कंपनी में पहुंच करकंपनी से निकल रहे ट्रक को रोकते हुए कंपनी के मुख्य गेट बंद कर दिया था।और यहां पर पुलिस की तैनाती कर दी थी,इधर लोधिखेड़ा पुलिस की ओर से मिली जानकारी के अनुसार बोरगांव में संचालित होने वाली सुपारी कंपनी के खिलाफ भोपाल ईओडब्लू मैं मामला पंजिबध किया गया है,वरिष्ठ अधिकारियों के मिले आदेश के बाद में कंपनी में जाकर कंपनी प्रबंधकों को कंपनी से किसी भी प्रकार के माल का आवागमन नहीं करने की शांति पूर्व रूप से समझाइए दी गई है। अचानक हुई कंपनी पर कार्रवाई को लेकर औद्योगिक क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाओ में ऐसा भी कहा जा रहा है कि बोरगांव की सुपारी कंपनी के दो पार्टनरो के बीच का मामला है,जिसके चलते एक पार्टनर के द्वारा शिकायत करने पर यह कार्रवाई की गई है।

## जिला स्तरीय थांगता टीओएस कोचेस ट्रेनिंग सेमिनार का समापन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

जिले के खेल प्रशिक्षणको ने प्राप्त किया प्रशिक्षणमध्य प्रदेश थांगता एसोसिएशन के तत्वाधान में जिला थांगता स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा विद्या देवी शुक्ला महाविद्यालय प्रांगण में संचालित आई मार्शल आर्ट्स स्पोर्ट्स अकादमी जुन्नारदेव द्वारा निःशुल्क जिला स्तरीय टेक्निकल,ऑफिशल कोचेस ट्रेनिंग सेमिनार का आयोजन 15 से 17 जून तक किया गया। इस थांगता ट्रेनिंग सेमिनार में जिले के विभिन्न विद्यालयों से पीटीआई पहुंचे जिसमें जय गुरुदेव इंटरनेशनल स्कूल से सेमोन राकसे,भारत भारती स्कूल से युनुस खान,स्टेप फॉरवर्ड स्कूल से अंसार अंसारी,कपिल, टेकाम,नंदलाल सूद विद्यालय के सीनियर खिलाड़ी वरुण सलाम,जुन्नारदेव महाविद्यालय के सीनियर खिलाड़ी दुर्गासाक्षी बैस, सरस्वती शिशु मंदिर अंबाडा से पृथ्वी, एवं आई मार्शल आर्ट्स स्पोर्ट्स अकादमी जुन्नारदेव के लगभग 50 खिलाड़ियों ने भी प्रशिक्षण प्राप्त किया। थांगता मार्शल आर्ट्स नेशनल कोच योगेश रुखमांगद ने जानकारी देते हुए बताया कि यह ट्रेनिंग सेमिनार का मुख्य उद्देश्य जिले में प्रशिक्षकों को ट्रेनिंग देकर खिलाड़ियों को आत्मरक्षा गुर के साथ-साथ शासन/एसोसिएशन/ फेडरेशन द्वारा आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में शामिल हो सकें। इस ट्रेनिंग सेमिनार में प्रशिक्षको थांगता खेल की ऑफिशियल,टेक्निकल कोचिंग को सीखा। साथ साथ खिलाड़ियों को भी प्रथम एवं द्वितीय शैली में फाइट करना समय के अनुसार प्वाइंट लेना डिफेंस करना,रेफरी,जज, स्कोरिंग का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

## मेहरा डेहरिया समाज महिला प्रकोष्ठ की बैठक आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

मेहरा डेहरिया समाज की महिला प्रकोष्ठ की बैठक डंडियन कॉफी हाउस, वी आई पी रोड मे आयोजित हुई जिसमे जिला छिंदवाड़ा महिला प्रकोष्ठ के संगठन विस्तार एंव हरियाली महोत्सव को सहित अन्य पर चर्चा की गई उपस्थित जिला महिला पदाधिकारियो को सचिव रैना हारले ने कहा कि हमे एक साथ मिलकर सामाजिक समिती संगठन के प्रति ईमानदारी से काम करना है। तथा पर्यावरण संतुलन बनाने को लेकर हमे सभी ब्लाकों महिलाओं को जागरूक कर हरियाली महोत्सव मनाकर पौध रोपण करना है ताकि हर जगह अधिक से अधिक पौधे रोपित कराना है। बैठक के दौरान महिलाओं के जीवन उत्थान महिला शशक्तिकरण शिक्षा के प्रति जागरूकता, महिला उत्पीड़न, महिलाओं को स्व रोजगार स्थापित करवाने समन्धित चर्च की गई,बैठक में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष उमा डेहरिया,सचिव रैना हारले, शकुंतला डेहरिया, छाया मेहरा, वनिता बामने, शुकुन डेहरिया,रानू डेहरिया, ज्योति डेहरिया, मंजू डेहरिया, सोनम डेहरिया, निहारिका डेहरिया, रीना डेहरिया सहित अन्य महिला पदाधिकारी उपस्थित रही।

### विद्युत मंडल ने लगाया नया ट्रांसफार्मर

## पार्षद व ए ई के सहयोग से वार्डवासियों की बिजली समस्या का हुआ समाधान



हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

पिछले कुछ महीनों से नगर के वार्ड नम्बर 9, 10 व 11 में बिजली की वोल्टेज समस्या से वार्डवासी बेहद परेशान थे। उनकी परेशानी को देखते हुए वार्ड नम्बर 10 के पार्षद संदीप मिश्रा व वार्ड नम्बर 11 के पार्षद मोनू लिमजे ने मध्यप्रदेश विद्युत मंडल वारासिवनी के ए ई राहुल तुरकर से मुलाकात कर उन्हें वार्डवासियों की समस्या से अवगत कराया। जिसके बाद श्री तुरकर ने नागरिकों की समस्या को ध्यान में रखते हुए तत्काल ही समस्या का समाधान करते हुए पुराने ट्रांसफार्मर को बदल कर नया ट्रांसफार्मर लगवा दिया। जिससे नागरिकों की समस्या का समाधान होने की संभावना बन गई हैं।

पार्षदद्वय मोनू लिमजे व संदीप मिश्रा की पहल और ए ई राहुल तुरकर के सहयोग के कारण वार्ड नम्बर 9, 10 और 11 के हजारों घरों को अब पर्याप्त और स्थिर बिजली मिल सकेगी। वार्ड वासियों ने अपने पार्षदद्वय संदीप मिश्रा, मोनू लिमजे के साथ ही विद्युत मंडल के ए ई राहुल तुरकर के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया हैं।

### ग्रामीण क्षेत्रों की सडक़ों को शहर से जोडऩे कर रहे प्रयास - विवेक पटेल

## विधायक पटेल के प्रयासों के बाद साकड़ी से डांगोरली पुल तक सडक़ निर्माण कार्य प्रारम्भ

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

वा रा सि व नी - खै र लॉ जी विधानसभा क्षेत्र के आखिरी छोर ग्राम पंचायत साकड़ी के पांचोटोला से डांगोरली घाट तक लगभग 2 किलोमीटर तक सडक़ निर्माण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया हैं। जिसके लिए ठेकेदार द्वारा पुरानी जर्जर सडक़ को उखाडऩे का कार्य जेसीबी मशीन से किया जा रहा हैं। इस सडक़ के निर्माण से नागरिकों को महाराष्ट्र के गोंदिया तक जाने में बेहद आसानी होगी। डांगोरली घाट पर बैनगंगा नदी पर वृहत पुल का निर्माण होने के बाद से अधिकांश नागरिकों द्वारा इस मार्ग का उपयोग गोंदिया जाने के लिए किया जाने लगा हैं। लेकिन ग्राम पंचायत साकड़ी के ग्राम पांचोटोला से लेकर डांगोरली पुल तक की सडक़ की हालत बेहद जर्जर हो जाने से इस मार्ग से आवागमन करने वाले वाहन चालकों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।



इस मार्ग की जर्जर हालत को देखते हुए विधायक विवेक विक्की पटेल द्वारा जिला प्रशासन व शासन से इस 2 किलोमीटर लंबे सडक़ मार्ग का नवीनीकरण बरसात के पूर्व करने के लिए कहा था। जिसके बाद शासन द्वारा इस मार्ग के नवीनीकरण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया हैं।

**सडक़ की सफाई कर मटेरियल डाले :** इस सडक़ मार्ग का नवीनीकरण कार्य प्रारंभ होने के बाद विधायक विवेक पटेल मंगलवार 17 जून को ग्राम साकड़ी पहुँचे। जहाँ पर उन्होंने सडक़ निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और ठेकेदार को निर्देशित किया कि सडक़ पर मटेरियल डालने से पहले सडक़ की अच्छी तरह से सफाई कर ले, वहीं सडक़ मरम्मत कार्य पर किसी भी तरह की कोताही ना बरते। अगर मुझे किसी तरह की ग्रामीणों द्वारा शिकायत मिलती हैं, तो मैं फिर तत्काल निरीक्षण करने आऊंगा।

**घटिया निर्माण कार्य हो, तो तत्काल सूचित करेः** उन्होंने ग्रामीणों से चर्चा करते हुए कहा कि यदि निर्माण कार्य आपको घटिया लगे, तो आप लोग निर्माण कार्य तत्काल रुकवा दे और मुझे सूचित करे। मैं पुनः सडक़ मार्ग का निरीक्षण करने के लिए आऊँगा। यह सडक़ बनने के बाद खैरलॉजी, वारासिवनी और ग्रामीण क्षेत्रों में निवास कर रहे लोगों को महाराष्ट्र गोंदिया तक जाने-आने में सुविधा होगी और गोंदिया पहुंचने में भी कम समय लगेगा।

**सडक़ बनने के बाद ग्रामीणों को नही होगी कोई परेशानी :** विदित हो कि ग्राम साकड़ी-पांचोटोला से डांगोरली घाट तक सडक़ बनने के बाद ग्रामीण क्षेत्र के हजारों लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में परेशानी नहीं होगी। किसानों को अपनी फसल मंडियों तक पहुंचाने में सुविधा होगी और मरीजों को सीधे गोंदिया हॉस्पिटल तक पहुंचने में अधिक समय नहीं लगेगा। इस निर्माण कार्य के शुरू होने के बाद साकड़ी-पॉचोटोला के ग्रामीणों ने विधायक विवेक पटेल का आभार जताया हैं।

## ग्राम बिठली में विकसित भारत संकल्प सभा कार्यक्रम का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज उकवा।

भारतीय जनता पार्टी मंडल उकवा के अंतर्गत ग्राम बिठली में विकसित भारत संकल्प सभा कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें माननीय मोदी जी के केंद्र में 11 साल की सरकार की उपलब्धि को संकल्प यात्रा के माध्यम से जन जन तक पहुंचाने हेतु वृहद बैठक का आयोजन किया गया।।जिसमे सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता श्री मुरलीधर नर्सवानी के द्वारा विस्तार से बताया गया और विकसित भारत 2047 तक की शपथ दिलाई गई जिसमें उपस्थित मंडल के अध्यक्ष श्री विजय पटेल उपाध्यक्ष कांतिलाल चौहान महामंत्री तपेश घुले, सौरव गोदरे, प्रदीप हरिद्वार, हरीश हरिद्वार,दिलीप गिरी,मीडिया प्रभारी शिव कोहरे,उपाध्यक्ष तरूण रावल एवं समस्त ग्रामवासी गण तथा भाजपा कार्य कर्ता उपस्थित रहे।

## पॉली एकेडमिक संस्थान में सी.बी.एस.ई. टीचर्स ट्रेनिंग का किया गया आयोजन

**हरिभूमि न्यूज लाँजी।** प्रखर देशना केरियर एण्ड वेलफेयर सोसायटी द्वारा संचालित पॉली अकादमिक संस्थान, जो सन् 2014 से संचालित है तथा अपने शुरूआत से अभी तक शिक्षा, सामाजिक कार्य, सांस्कृतिक गतिविधियों में नये-नये आयाम जोड़ता रहा है। संस्थान के संचालन की वजह से लॉजी एवं इसके आसपास के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के छात्रों को आसानी से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करके अपना सर्वांगीण विकास करने का अवसर प्राप्त हो रहा है।पॉली अकादमिक संस्थान को इस वर्ष नई उपलब्धि प्राप्त हुई है, संस्थान द्वारा संचालित विद्यालय को अप्रैल 2025 में केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सी.बी.एस.ई.) से मान्यता प्राप्त हुई है, तथा लॉजी किरनापुर क्षेत्र का यह एकमात्र विद्यालय है जिसे यह मान्यता प्राप्त हुई है। मान्यता प्राप्त होने के बाद इस क्षेत्र में निवासरत अभिभावकों एवं छात्रों में हर्ष व्याप्त है क्योंकि पूर्व में बड़े शहरों जैसे बालाघाट गोंदियाँ, आमगॉव में सी.बी.एस.ई. विद्यालय होने के कारण वहाँ पर अध्ययनरत यहाँ के निवासरत छात्रों को कई प्रकार की असुविधाओं का सामना करना पड़ता था। अब बड़े शहरों के सी.बी.एस.ई. विद्यालयों के सामन ही सारी सुविधाये छात्रों के लिए बिसोनी (लॉजी) के पॉली अकादमिक संस्थान में ही उपलब्ध हैं।छात्रों को उत्कृष्ट शिक्षा किस प्रकार दी जाये, छात्रों का सर्वांगीण विकास कैसे हो तथा सी.बी.एस.ई. बोर्ड द्वारा जो नये नियम लागू किये गए है, नई शिक्षा नीति 2020 क्या है, इसमें क्या प्रावधान है, इस नई शिक्षा नीति के अनुसार शिक्षण क्षेत्र में क्या परिवर्तन हुए है तथा शिक्षक छात्रों के बीच एक मजबूत, सकारात्मक संबंध कैसे स्थापित हो, बदलते परिवेश में शिक्षक कैसे छात्रों को प्रशिक्षित करे इन सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं से शिक्षकों को अवगत करवाने के लिए, पॉली अकादमिक संस्थान की संचालिका महोदया श्रीमति वंदना वैद्य जी की अध्यक्षता में तथा श्री जे. सोनी (प्रशिक्षक) के कुशल मार्गदर्शन में संस्थान में किया गया।



**सी.बी.एस.ई टीचर्स ट्रेनिंग सेमिनार का सफलतापूर्वक आयोजन :** इस सेमिनार का प्रारंभ माता सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात संस्थान की संचालिका महोदया श्रीमति वंदना वैद्य का स्वागत विद्यालय की प्राचार्या महोदया श्रीमति श्रृध्दा कांडा द्वारा तथा प्रशिक्षक श्री जे.सोनी जी का स्वागत प्रबंधक श्री संजय चौरे द्वारा पुस्पगुच्छ देकर किया गया।

श्रीमति वंदना वैद्य के अध्यक्षीय भाषण के पश्चात, श्री जे.सोनी मुख्य प्रशिक्षक के द्वारा दो दिनों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में निम्नलिखित बिंदुओं पर शिक्षकों को अवगत तथा प्रशिक्षित किया गया ।जिसमे क्लास रूम मेनेजमेंट. स्टूडेंट एसेसमेंट प्रणाली. टीचिंग का तरीका. क्लास रूम प्रबंधन के प्रकार, उपयोग एवं खामियों. प्रोजेक्टर के माध्यम से क्लासरूम प्रबंधन की रणनीति एवं तकनीकी महत्व को बताया गया।इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम का शिक्षकों के द्वारा स्वागत किया गया क्योंकि इस कार्यक्रम के माध्यम से शिक्षकों को नवीन जानकारियाँ प्राप्त हुई जो उनके शिक्षण कार्य में निश्चित ही सहयोग प्रदान करेगी, जिसका सीधा लाभ छात्रों को होगा।

## सत्यनारायण श्रीवास बने सेन समाज बालाघाट जिलाध्यक्ष, ग्राम पंचायत जाम में हर्ष



हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

14 जून को जिला सेन समाज बालाघाट में एक महत्वपूर्ण बैठक होटल मलिकार्जुन में समाज के विभिन्न ब्लॉकों से उपस्थिति स्वजाति प्रमुख गणमान्य नागरिको की उपस्थिति में आयोजित कि गई। वही सामाजिक गतिविधि यो को लेकर विस्तृत रूप से विचार विमर्श किया गया। एवं सामाजिक कार्यों में उर्जा का संचार हेतु अगामी 3 वर्षों के लिए ग्राम जाम लालबर्रा क्षेत्र के राजनीतिक व सामाजिक कार्यकर्ता सत्यनारायण श्रीवास को अध्यक्ष के तौर पर सर्वसम्मति से मनोजित किया गया।

लालबर्रा मुख्यालय से 14 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत जाम में सरपंच सुरेंद्र बालों ने एवं गणमानी नागरिक द्वारा अध्यक्ष महोदय को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की गई हर्ष करने वालों में सुरेंद्र बालोने सरपंच ग्राम पंचायत जाम, सत्येंद्र दमाहे पूर्व मंडी अध्यक्ष लालबर्रा, जाहिद खान जनपद सदस्य जाम, राजीव लिल्हारे पूर्व सरपंच प्रतिनिधि जाम, योगेश लिल्हारे पूर्व मंडल अध्यक्ष लालबर्रा, देवराज ठकरेले पूर्व सरपंच प्रतिनिधि जाम, राजेश नगपुरे उपाध्यक्ष मंडल लालबर्रा, रंगलाल. लिल्हारे, डॉ अरुण जोगेकर, टोपराम बिसेन, दिनेश शाकुरे सुरेश शाकुरे, ज्ञानचंद तुलसीकर, अंजीलाल नगपुरे, जेठू लाल नगपुरे, अशोक लिल्हारे, राजेश सर्राते, सत्येंद्र श्रीवास, शैलेश श्रीवास, राज सर्राते, मनोज सर्राते , 'गलाल फुडंकर, राजा सर्राते एवं अन्य लोगों ने हर्ष व्यक्त किया गया।

## डोके में केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**वारासिवनी।** भारतीय जनता पार्टी की केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार के 11 साल पूर्ण होने पर चलाए जा रहे प्रचार अभियान के तहत वारासिवनी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा रामपायली मंडल के अध्यक्ष मिलिंद नगपुरे के नेतृत्व में शानदार कार्यक्रम का आयोजन ग्राम के डोके में किया गया। इस कार्यक्रम में रामपायली मंडल के मंडल व बूथ केंद्र के अध्यक्ष, पदाधिकारीगण से लेकर प्रबुद्ध ग्रामीणजनों के साथ कार्यकर्तागण शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता और भाजपा के संस्थापक नेताओं के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल, पूर्व जनपद अध्यक्ष व जिला संयोजक किशोर अमूले, रामपायली मंडल अध्यक्ष मिलिंद नगपुरे आदि ने मोदी सरकार का गुणगान करते हुए पिछले 11 वर्षों में देश के विकास के लिए किए गए कार्यों का बखान किया।

## खबर संक्षेप



### मोदी जी के 11 वर्ष कार्यकाल की उपलब्धियों पर नगर उत्तर मंडल की कार्यशाला सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नगर उत्तर मंडल में एक कार्यशाला का आयोजन आज दिनांक 17/06/2025 को भारतीय जनता पार्टी कार्यालय सिवनी में आयोजित किया गया है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों पर चर्चा की गई । इस कार्यशाला में मुख्य रूप से उपस्थित रहे जिला अध्यक्ष श्रीमती मीणा बिसेन पूर्व जिला अध्यक्ष प्रेम तिवारी , जिला उपाध्यक्ष लालमणि लालू राय , जिला मंत्री अभित चौहान , जिला मंत्री पीयूष दुबे , नगर उत्तर मंडल अध्यक्ष संजय पप्पू सोनी एवं भाजपा वरिष्ठ पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी, मोर्चा प्रकोष्ठ पदाधिकारी, मातृशक्ति, बूथ अध्यक्ष, महामंत्री, बीएलओ एवं भाजपा कार्यकर्ता गणों की उपस्थिति रही।

# सर्राफा व्यवसायी के घर में लाखों चोरी, पुलिस जुटी जांच में

**संजय ज्वेलर्स की दुकान से रात 2:00 से 3:00 बजे की रात लगभग अन्य वीडियो फुटेज मे दिखे तीनआरोपियों द्वारा पीछे से ताला तोड़कर लगभग 30 लाख रुपए की सोना चांदी और नगद रुपये लेकर फरार हो गए परिवार के सदस्यों द्वारा बताया गया कि बाहर से दरवाजे को तोड़ते हुए आरोपियों द्वारा पहले घर में प्रवेश किया गया और दुकान में पीछे के रास्ते प्रवेश करते हुए दुकान में रखी हुई नगदी जेवर सोना चांदी लेकर फरार हो गए।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।



जाते-जाते सीसी कैमरा में लगे हुई हार्ड डिस्क भी निकाल कर ले जा ली जिससे फुटेज का पता ना लगे,आरोपी इतने शातिर थे कि घर में सो रहा है पूरे परिवार को भनक तक नहीं लगी नहीं लगी और लगभग 30 लाख रुपए की चोरी का कर फरार हो गये बही जाते-जाते पीछे मुहल्ले मे पड़ोसी के घर में खड़ी दो पहिया वाहन लेकर भाग निकले जिसकी थाना धूमा पुलिस ने तप्तीश जारी कर दी है जिसमे अनुविभागीय अधिकारी लखनादौन अपूर्व भलावी का कहना है कि हमें इन्वेस्टिकेशन के दौरान बहुत सारे तथ्य मिले हैं।

जिनका आधार रखते हुए हम निश्चित ही चोरों तक पहुंच सकते हैं और जिंदगी तड़पताल वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में हमने प्रारंभ कर दी है चोरों की पड़ताल शुरू कर दी है कुछ संदिग्ध लोगों को भी उठाकर हम उनसे पूछताछ कर रहे है जल्द आरोपियों तक पहुंचना संभव हो पाएगा।

चोरी की घटना को देख कर ये कायश लगाए जा रहे हैं की नव निर्मित ज्वेलरी की दुकान मे घटना को अंजाम देने वाले चोरों के लिए यह जगह जानी-मानी हो सकती है दरवाजा तोड़कर सीधे सोने चांदी की दुकान और फिर ज्वेलरी तक पहुंचाना किसी जाने माने या परिचित व्यक्ति की साजिस को संदेह के घेरे में लेता है।

बताया जाता है कि चोरो द्वारा एक घंटे तक चोरी की घटना को अंजाम दिया गया जिस समय घर मे उपस्थित तीन परिवार सोते रहे ताजुब की वात तो यह है कि किसी को इतनी बड़ी चोरी की घटना की भनक तक नही पड़ी और आरोपी चोर लगभग 30 लाख का नगदी सहित सोना चांदी लेकर फरार हो गये बताया जाता है कि पिछले के दरवाजा तोड़ कर पहुँचे चोरों ने चार दरवाजा एवम चार चैनल गेट तोड़कर सौ ग्राम सोना तीस किलो चांदी व लगभग 80 हजार रुपये नगद ले जाकर बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दे कर फरार हो गये जिनकी तलाश जारी है।

### इधर, ग्राम राघादेही मे चोरों का आंतक दो दर्जन से अधिक बकरा-बकरी हुई चोरी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** ग्राम राघादेही डूण्डासिवनी थाना अन्तर्गत ग्राम में विगत कई दिनो से मोटर चोरी हो रहे है, उस क्षेत्र में चोरों के हौंसले इतने बुलंद है कि ग्राम के ही निवासी किशोर मिश्रा के घर से चार पहिया वाहन से दिनांक 15/06/2025 को रात्रि 12 से 1 बजे के बीच चोरो द्वारा घर के अंदर से 16 नग बकरा-बकरी चुरा लिया गया। गांव के ही रास्ते में लगे सीसी फुटेज से पता लगा कि 1.24 मिनट पर 1 पिकअप वाहन और उसके पीछे 2 मोटर सायकल गांव से बाहर जाते दिखे, फुटेज में वाहन नम्बर नही दिख रहा है इसकी शिकायत 15 जून 2025 को डूण्डासिवनी थाने में की गई, लेकिन आज दिनांक तक बकरी चोरो का पता नहीं चल पाया। इसके पूर्व में ग्राम राघादेही में ही किशोर मिश्रा के कुएँ एवं घर से 4 नग मोटर चोरी चली गई, जिसकी शिकायत भी संबंधित थाने में की गई थी। किशोर मिश्रा द्वारा पुलिस अधीक्षक महोदय जी से भी शिकायत की गई, यदि गांव के कुछ संदिग्ध लोगो के मोबाईल खंगाले जाए की दिनांक 14 एवं 15 जून को इन लोगो ने किस किस से बात की, तो उक्त चोरी का पता लगाया जा सकता है।

## सहायक संचालक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी ने प्राचार्य, लिपिक एवं कर्मचारी संगठन के पदाधिकारियों की सामूहिक बैठक ली

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सहायक संचालक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी सिवनी द्वारा प्राचार्य, लिपिक एवं कर्मचारी संगठन के पदाधिकारियों की सामुहिक बैठक ली, जिसमें शिक्षकों की लम्बित प्रकरणों और सेवानिवृत्त कर्मचारियों के स्वायत्वों के निराकरण पर चर्चा हुई। बैठक में म. प्र. शिक्षक कांग्रेस, म. प्र. कर्मचारी कांग्रेस, एवं म. प्र. शिक्षक संघ के पदाधिकारी सहित नरेन्द्र मिश्रा जिलाध्यक्ष अरुण मिश्रा तहसील अध्यक्ष, डी आर सनोड़िया ब्लाक अध्यक्ष श केशव सनोड़िया ब्लाक सचिव आर एस राजपूत तहसील सचिव श्रीमती शबाना खां जिलाध्यक्ष सुभाष बघेल कर्मचारी कांग्रेस जिलाध्यक्ष साहिद खान प्रदेश महामंत्री कर्मचारी कांग्रेस अरुणसैनी प्रदेश सचिव म.प्र. कर्मचारी कांग्रेस ब्लाक सिवनी के समस्त संकुल प्राचार्य और संबंधित बाब उपस्थित रहे।



## वीरांगना रानी दुर्गावती शौर्य अलंकरण दिवस समारोह संपन्न

**लखनादौन:** 19 जून को वीरांगना रानी दुर्गावती की शौर्यगाथा को नमन करते हुए लखनादौन में शौर्य अलंकरण दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती रुचि पटेल (रेंजर) उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में महिला अधिकारियों को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। मंच का संचालन एडवोकेट ममता शर्मा द्वारा ओजपूर्ण शैली में किया गया। वक्ताओं ने रानी दुर्गावती के वन, उनके बलिदान, और संघर्ष को भावपूर्ण एवं प्रेरणादायक शब्दों में याद किया। उन्होंने बताया कि 24 जून 1564 को रानी दुर्गावती ने मुगलों के अपमान के विरुद्ध वीरगति को स्वीकार किया था। उनका अंतिम संस्कार जबलपुर से लगभग 12 मील दूर एक संकरे पहाड़ी दर्रे में उनके सैनिकों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पुरुष अधिकारीगण भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और वीरांगना रानी दुर्गावती के अद्वितीय साहस को नमन किया। यह आयोजन नारी शक्ति, शौर्य और स्वाभिमान की प्रेरणा देने वाला रहा, जिसमें सभी वर्गों की सहभागिता उल्लेखनीय रही।



## शातिर चोर आदेगांव पुलिस की गिरफ्त में,दो आरोपियों से चोरी के सोने चांदी के जेवर एवं नगदी जप्त

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा अपराधों के रोकथाम के लिए हरसंभव प्रयास किये जाते रहें हैं, जिनके कुशल नेतृत्व एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुरूदत्त शर्मा एवं अनुविभागीय अधिकारी शअर्पूव भालावी के मार्गदर्शन में आदेगांव पुलिस द्वारा घर में घुसकर सोने चांदी के जेवर एवं नगद पैसा चुराने बाले शतिर चोर को पकड़ने में एंव चोरी गये सोना चांदी के जेवरात जप्त करने मे आदेगांव पुलिस ने सफलता प्राप्त की।

**घटना का विवरण**

प्रार्थी सतेन्द्र साहु ने रिपोर्ट दर्ज कराई की थी दिनांक 17.06.25 को दोपहर करीब 12 बजे किसी अज्ञात व्यकित के व्दारा उनके मकान में घुसकर आलमारी का लाकर तोड कर सोने चांदी के जेवर एवं नगद पैसे चोरी कर ले गया है जिसकी रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 143/25 धारा 331 (3) 305 बीएनएस का अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गया। उक्त घटनाओं का घटित करने वाले अज्ञात आरोपियों की तलाश पतासाजी हेतु थाना स्तर पर टीम गठित की गई तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ कर मुखबिर लगाये गये गये एवं पूर्व में चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले आरोपियों से पूछताछ की गई। घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के अधार पर संदेहीयो से पुछताछ की जिन्होने चोरी करना स्वीकार किया जिसके कब्जे से 02 जोड चांदी की पायल 02 नग चांदी के खुचना, 02 नग करधन चांदी का, वच्चे की 03 हाय चांदी की, 01 चुडा चांदी का 01 सोने का रानी हार. 01 सोने का छोटा हार 01 जोडी झुमकी सोने की नगदी करीब 4000 हजार रुपये बरामद किया गया।





## नपा सिवनी उपचुनाव को लेकर नगर कॉग्रेस कमेटी की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

सिवनी नगरपालिका सुभाष वार्ड में पार्षद पद हेतु होने वाले उपचुनाव के लिए नगर कॉग्रेस कमेटी के अध्यक्ष इमरान पटेल की अध्यक्षता में जिला कॉग्रेस कार्यालय में जिला कॉग्रेस अध्यक्ष राजकुमार खुराना की उपस्थिति में बैठक समपन्न हुई । बैठक में कॉग्रेस पार्टी प्रत्याशी चयन को लेकर एक समिति का गठन किया गया, चयन समिति के संयोजक एड़ शैलेष सक्सेना, अतुलचंद मालू, योगेन्द्र सोनी, अशोक चौबे, सुनील अग्रवाल, एड़ दादू निखिलेन्द्रनाथ सिंह(गट्टू), मुकेश चीकू सक्सेना, ऐश्वर्य सुमित मिश्रा, एड़ शाहिद रज, आदित्य मोन्टू भूरा, साकेत नेमा का समावेश है। चयन समिति को सुभाष वार्ड में वार्ड के लोगो से मिलकर पार्षद पद के प्रत्याशी चयन के संबंध में जानकारी एकत्रित कर विजयी हो सकने वाले प्रत्याशी के नाम का सुझाव देंगे। जिला कॉग्रेस कार्यालय में सुभाष वार्ड से कॉग्रेस पार्षद प्रत्याशी पद के लिए चुनाव लड़ने के इच्छुक उम्मीदवार श्रीमती सुयोगिता सक्सेना, श्रीमती आरती पियूष शाह, श्रीमती मोना सोनी सक्सेना का आवेदन पत्र प्राप्त हुआ। सुभाष वार्ड से कांग्रेस पार्षद पद के इच्छुक उम्मीदवार 19 जून 2025 दिन गुरूवार को शाम 5 बजे तक आवेदन कर सकते है।

### शिविरों जनजातीय हितग्राहियों मिल रहा लाभ

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत बुधवार 18 जून को जिले के आठों विकासखंड की 23 ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किए गए। जिसमें लखनादौन विकासखंड की ग्राम पंचायत रामनगरी, मोहगांव गूजर, मढी, जमुआ, खखरिया एवं पिपरिया मेहरा मे शिविर आयोजित हुए। इसी तरह छपारा विकासखंड के बीजादेवरी एवं पीपरढाना में, घंसौर विकासखंड के बटवानी, गोल्हिया एवं अगरियाकलॉ में, सिवनी विकासखण्ड के अलोनिया एवं बंडोल में, केवलारी विकासखंड के नेवागांव में, धनौरा विकासखंड के सर्रा एवं सालीवाडा में, बरघाट विकासखण्ड के विजयपानीकला एवं टेटमा में, कुरई विकासखंड के पतरई, मोहगांव तितरी एवं बादलपार में शिविर आयोजित हुए। आयोजित शिविर में जनजातीय हितग्राहियों से पात्रतानुसार योजना के आवेदन लेकर उन्हें लाभांवित करने की कार्यवाही की गई।

## क्वालिफाइड रेफरी रिफ्रेशर कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

राज्य स्तरीय क्वालिफाइड रेफरी रिफ्रेशर कोर्स सेगा यूनिवर्सिटी भोपाल में आयोजित हुआ। इस रिफ्रेशर कोर्स में मध्य प्रदेश के क्वालिफाइड कबड्डी खेल के रेफरी, अंपायर एवं टेक्निकल ऑफिशल्स उपस्थित हुए, यह रिफ्रेशर कोर्स दो दिवसीय कार्यशाला में अंत.राष्ट्रीय कोच एवं अंतर्राष्ट्रीय निर्णायक मिस्टर भास्कर ,जे सी शर्मा सचिव मध्य प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन, शमोहन यादव मध्य प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन,एस ठाकुर सह सचिव मध्य प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन की उपस्थिति रही ।

पूर्व आर्मी चीफ भास्कर ने क्वालिफाइड रेफरी,अंपायर, को प्रतियोगिता के सफलतापूर्वक आयोजन, कबड्डी प्रतियोगिताओं में आने वाली समस्याओं,कबड्डी के नए नियम इत्यादि के बारे में विस्तार से संबोधित किया। आज के द्वितीय सेशन में आपने कबड्डी खेल में उपयोग होने वाली स्कोर शीट को सही-सही भरना, असिस्टेंट रेफरी के द्वारा स्कोर शीट को भरना इत्यादि के बारे में विस्तार से संबोधित किया।

आज के कालखंड में आपने कबड्डी मैच के दौरान उपयोग किए जाने वाले ग्रीन कार्ड, येलो कार्ड और रेड कार्ड के उपयोग को भी विस्तार से बताया। अंतिम सेशन प्रैक्टिकल का रहा जिसमें मैच के द्वारा उपयोग की जाने वाली विशिल, विशिल देने का तरीका, विशिल की उपयोगिता कम से कम,मैच में विशिल का उपयोग,निर्णायक विशिल का उपयोग के संदर्भ में विस्तार से पढ़ाया ।

यह कार्यशाला मध्य प्रदेश में कई वर्षों बाद आयोजित की जा रही है, इस कार्यशाला का उद्देश्य मध्य प्रदेश में कबड्डी खेल को आगे बढ़ना,कबड्डी खेल के माध्यम से शारीरिक स्वच्छता रखना और कबड्डी को आने वाले ओलंपिक खेल में परिचय करना इत्यादि मुख्य उद्देश्य है। मनीष मिश्रा अध्यक्ष जिला कीड़ा भारती ने बताया इस क्वालिफाइड रिप्रेशर रेफरी कोर्स हेतु जिला सिवनी से देवेंद्र ठाकुर व्यायाम निदेशक, राम प्रसाद ज़ी शिक्षक एवं संजय बघेल उत्कृष्ट खिलाड़ी कबड्डी ने प्रतिनिधित्व किया है। सचिव जेसी शर्मा मध्य प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन की ओर से क्वालिफाइड समस्त रेफरी एवं अंपायर को प्रतियोगिता चेतावनी कार्ड एवं आइडेंटी कार्ड का वितरण किया गया। 15 जून 2025 इस कार्यशाला का अंतिम दिवस है जिसमें उच्च कोटि की अंपायरिंग का प्रदर्शन एवं कक्षाएं आयोजित की जावेगी ।



## जिला स्तरीय रोजगार मेले में 275 आवेदकों का हुआ प्रारंभिक चयन

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

कलेक्टर सुश्री संस्कति जैन के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में जिला प्रशासन, जिला रोजगार कार्यालय सिवनी, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र एवं शासकीय आई टी आई सिवनी के संयुक्त तत्वाधान में बुधवार 18 जून को शासकीय आई टी आई केवलारी जिला सिवनी में युवा संगम कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया गया। उक्त मेले में निजी क्षेत्र की 13 विभिन्न कम्पनियों ने भाग लिया। रोजगार मेले में 410 आवेदकों नें अपना पंजीयन कराकर मेले में भाग लिया। रोजगार मेंले में विभिन्न कम्पनियों द्वारा 275 आवेदकों का रोजगार हेतु प्रारंभिक रूप से चयन किया गया। जिला रोजगार अधिकारी द्वारा बताया गया कि मेलें मे प्रारंभिक रूप से डी के कैरियर प्लेसमेंट द्वारा 30, एनआईआईटी द्वारा 35, एल आई सी सिवनी द्वारा 26, ग्रोफास्ट ग्रुप द्वारा 23, क्विस कारपोरेशन द्वारा 36, प्रथम एजुकेशन द्वारा 15, वर्धमान फ्रेबिक द्वारा 34, पुखराज द्वारा 30, एल एंड टी द्वारा 15, आमदनी प्राइवट लिमिटड द्वारा 10, डा एड एच द्वारा 3 एव सीआई आई स्किल द्वारा 18 आवेदकों का रोजगार हेतु प्रारंभिक रूप से चयन किया गया। जिसमें अप्रेंटिसशिप के लिए क्विस कारपोरेशन द्वारा 36 आवेदकों का चयन किया गया। जिला स्तरीय रोजगार मेले मे उपस्थित कंपनीयों द्वारा सुरक्षा गार्ड, ट्रेनीज, सहायक, कॉल सेंटर, फील्ड वर्कर, मशीन आपॅरेटर, पर्यवेक्षक, कम्प्यूटर आपॅरेटर, तकनीकि सहायक आदि पदों पर भर्ती की कार्यवाही की गई। स्वरोजगार योजना अंतर्गत जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र द्वारा 2 हितग्राहियों को 20 लाख की राशि के स्वीकृति पत्र / चैक प्रदान किये गये। उक्त मेले में व्ही. के. सदाफल जिला रोजगार अधिकारी, प्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, प्रिंसिपल श्री सौरभ गुप्ता शासकीय आई टी आई केवलारी एवं प्लेंसमेंट अधिकारीबोरवाने शासकीय आई टी आई केवलारी जिला सिवनी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।



## महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कानूनी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** महिला एवं बाल विकास विभाग मध्य प्रदेश एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में मिशन शक्ति हब फॉर एंपॉवरमेंट ऑफ वूमेन के तहत महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु चलाए जा रहे जागरूकता कार्यक्रम श्री विद्या क्लासेज में कानूनी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया ।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में रवि नायक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निशुल्क कानूनी सहायता, महिलाओं से संबंधित कानूनी एवं मौलिक अधिकार की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई सिद्धार्थ शुक्ला,जिला विधिक सहायता अधिकारी द्वारा महिलाओं के अधिकार एवं मुफ्त कानूनी सहायता हेतु हेल्पलाइन नंबर 15100 की जानकारी दी गई बाल कल्याण समिति के सदस्य एवं अधिवक्ता अखिलेश यादव द्वारा 1 जुलाई 2024 से नए कानून में महिलाओं के सुरक्षा संबंधी प्रावधानों की जानकारी दी गई सुश्री ईशा बाल्मिक प्रशासक वन स्टॉप सेंटर द्वारा कानूनी सहायता पर होने वाले जागरूकता कार्यक्रम की उपयोगिता पर प्रकाश डाला कार्यक्रम में बाल कल्याण समिति सदस्य सुश्री रूपाली टेंबरे, कोचिंग सेंटर संचालक देवेंद्र सनोडिया श्रीमती नारायणी सक्सेना सेन्ट्रल एडमिनिस्ट्रेटर, छात्र छात्राएं एवं महिलाएं सम्मिलित रही कार्यक्रम का संचालन श्रीमति सोनल सक्सेना केस वर्कर वन स्टॉप सेंटर द्वारा किया गया।



### मॉर्निंग क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ

## प्रेस क्लब ने जीता मैच मॉर्निंग क्रिकेट कप

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** स्थानीय मिशन स्कूल ग्राउंड में मॉर्निंग क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। जो मॉर्निंग क्रिकेट क्लब एवं प्रेस क्लब के बीच खेला गया। इस मुकाबले को प्रेस ने एक तरफ त लिया। मैच में आयोजन समिति के अध्यक्ष राजा खान, आयोजन समिति के सचिव पवन नामदेव एवं अतिथि के रूप में अजय मिश्रा ,अन्नू पटेल ,महेंद्र बघेल एवं तनन्,भाई उपस्थित रहे। मॉर्निंग क्लब के कप्तान प्रकाश सोनी ने टॉस तकर प्रेस क्लब के कप्तान अयोध्या विश्वकर्मा को बल्लेबा करने आमंत्रित किया। 10 ओवर के हुए इस मैच में प्रेस क्लब ने अंकित के 71 रनों की मदद से 4 विकेट खोकर 102 रनों का स्कोर खड़ा किया। कोई भी बल्लेबाज कुछ खास नहीं कर पाया मॉर्निंग क्लब के गेंदबाज जितेन्द्र बघेल,गोलू यादव,दीपक नाविक,प्रकाश सोनी इन सबने एक,एक विकेट प्राप्त किया । 103 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मॉर्निंग क्लब ने दीपक पटवा के शानदार 38 रनों की पारी के साथ 9 विकेट खोकर 74 रन ही बना सकी। 25 रनों से मैच को गवां दिया। प्रेस क्लब की तरफ से परवेज ने 2,अंकित ने 2,वाहिद ने 1,मद्रासी ने 1,नरेंद्र ने 3 विकेट लिया आज हुए प्रारंभिक मैच में मेन ऑफ द मैच प्रेस क्लब के अंकित रहे। अम्पायरिंग की भूमिका में देवेश पवमे और पवन नामदेव ने निर्विवाद अंपायर की भूमिका निभाई,ऑफ लाइन स्कोरिंग में अमित नाविक ऑन लाइन स्कोरिंग में विजय चौहान थे, मैच को सफल बनाने में दुर्गेश रजक, सोनू मनोज,रोमी,नीरज तिवारी, का विशेष योगदान रहा।



## पलारी स्टेशन पर ट्रेन स्टॉपेज की माँग तेज़, सर्व समाज जनसेवा संगठन ने रेल मंत्री को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

पलारी रेलवे स्टेशन को क्षेत्रीय जनजीवन की धड़कन बताते हुए सर्व समाज जनसेवा संगठन ने भारत सरकार के रेल मंत्री को ज्ञापन सौंपकर इस स्टेशन पर सभी प्रमुख ट्रेनों के ठहराव की माँग की है। संगठन के स्थानीय और संभागीय पदाधिकारियों ने ज्ञापन में इस स्टेशन की भौगोलिक, धार्मिक, ऐतिहासिक और व्यावसायिक महत्ता को रेखांकित किया है।

ज्ञापन में बताया गया है कि पलारी स्टेशन आसपास के कई गाँवों और लाखों यात्रियों के लिए आवागमन का केन्द्रीय बिंदु है। यहाँ से संजय सरोवर बाँध, अमोदागढ़ का मोगली लैंड, बैनगंगा नदी का तीर्थ स्थान, (कोठी घाट), प्राचीन जैन मंदिर (नागाबाबा क्षेत्र) जैसे महत्वपूर्ण स्थल जुड़े हुए हैं। साथ ही प्रयागराज, अयोध्या और जामसांवरी जैसे धार्मिक स्थानों की यात्रा के लिए यह स्टेशन एक महत्वपूर्ण पड़ाव है।

संगठन के अनुसार, पलारी स्टेशन से जबलपुर, नागपुर, इंदौर, भोपाल और दिल्ली जैसे प्रमुख शहरों के लिए आवागमन होता है। व्यापारियों, किसानों, विद्यार्थियों, राजनैतिक एवं धार्मिक यात्रियों के लिए यह स्टेशन अत्यंत उपयोगी है। परंतु वर्तमान में अधिकांश लंबी दूरी की ट्रेनों का यहाँ ठहराव नहीं है, जिससे स्थानीय लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

संगठन ने माँग की है कि पलारी स्टेशन को यात्री सुविधाओं की दृष्टि से विकसित करते हुए सभी आवश्यक ट्रेनों के स्टॉपेज की स्वीकृति तत्काल दी जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में सर्व समाज जनसेवा संगठन के केवलारी विधानसभा अध्यक्ष मुन्नालाल यादव, लोकसभा मंडला अध्यक्ष पंचम सिंह कुशराम, संभागीय अध्यक्ष अनुप मिश्रा और राष्ट्रीय अध्यक्ष मंदलाल यादव सहित पलारी क्षेत्र के सैकड़ों लोग शामिल थे। ज्ञापन में इस माँग को जन भावना से जुड़ा मामला बताते हुए रेल मंत्रालय से शीघ्र निर्णय की अपेक्षा की गई है। यदि माँग पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया, तो संगठन जन आंदोलन की चेतावनी भी दे सकता है।



### भगवान श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर 20 भंडारे का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** भगवान श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी दिनांक 20 जून दिन शुक्रवार 2025 को रात्रि 7:30 बजे से भंडारे का आयोजन किया गया है। आप सहपरिवार पहुंच भोजन प्रसादी ग्रहण कर,पुण्य लाभ कमाए।

## जिला अस्पताल में तीन डायलिसिस मशीनों का किया शुभारंभ

# शादी से पहले सिकलसेल जांच जरूरी : सांसद पारधी





**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

बालाघाट जिला अस्पताल में गुरुवार को स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत करने के लिए तीन नई डायलिसिस मशीनों का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में सांसद भारती पारधी ने मशीनों का उद्घाटन किया और अस्पताल में डायलिसिस करवा रहे मरीजों से बातचीत की। उन्होंने मरीजों से सुविधा की जानकारी भी ली।

इस मौके पर जिला कलेक्टर मृणाल मीणा, सीएमएचओ डॉ. परेश उपलप, पूर्व सीएमएचओ डॉ. मनोज पांडेय, सिविल सर्जन डॉ. निलय जैन समेत अस्पताल का चिकित्सीय स्टाफ मौजूद रहा।

### सिकलसेल पर जागरूकता बढ़ाने की जरूरत

इससे पहले सिकलसेल दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सांसद भारती पारधी ने सिकलसेल जैसी गंभीर बीमारी को लेकर जागरूकता फैलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार के साथ राज्यपाल भी इस बीमारी के प्रति गंभीर हैं। ऐसे में आमजन और स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी बनती है कि वे लोगों को सिकलसेल के बारे में समझाएं।

### शादी से पहले जांच की अपील

सांसद ने कहा कि यदि विवाह से पहले सिकलसेल की रिपोर्ट की जांच कर ली जाए, तो इस बीमारी पर बहुत हद तक रोक लगाई जा सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि पहले की तुलना में अब लोग ज्यादा जागरूक हो रहे हैं।

### कलेक्टर ने दी सलाह

कलेक्टर मृणाल मीणा ने कार्यक्रम में कहा कि स्वास्थ्य विभाग सिकलसेल के लक्षण और उससे जुड़ी भ्रांतियों के बारे में लोगों को लगातार जागरूक कर रहा है। इसके लिए हर किसी को सतर्कता बरतनी चाहिए।

### एनक्वास सर्टिफिकेट भी सौंपा गया

इस कार्यक्रम में बालाघाट जिला अस्पताल को राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाणपत्र (एनक्वास) भी सौंपा गया। इस अवसर पर कलेक्टर ने बताया कि अस्पताल अब हर साल अपनी जरूरतों के लिए एक निश्चित राशि खुद एकत्र कर सकता है।

### रोटरी क्लब ने की सराहनीय पहल

कार्यक्रम में रोटरी क्लब ऑफ वैनगंगा के अध्यक्ष रोटेरियन अखिल वैद्य और उनके साथियों ने अस्पताल को दो और डायलिसिस मशीनें डोनेट करने की घोषणा की। इसके अलावा सिकलसेल से पीड़ित सभी मरीजों को स्टील की पानी की बोतलें भेंट की गईं।

## माइंस में कार्य के दौरान मजदूर की मौत



### परिजनों ने मॉयल प्रबंधन पर लगाये गंभीर आरोप

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट के मॉयल उकवा में फर्स्ट सर्किल के सेकंड लेवल में पहली शिफ्ट के दौरान एक ठेका श्रमिक की हादसे में मौत हो गई। घटना गुरुवार सुबह 9 बजे की है।

दरअसल, श्रमिक विनय खंडेश्वर(25) सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे की शिफ्ट में पंप कर्मी के रूप में काम कर रहा था। उसका काम सिर्फ पंप को चालू और बंद करना था। सुबह करीब 9 बजे पंप शुरू करते समय वह पंप के बेल्ट और पंखे की चपेट में आ गया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

मृतक के भाई विशाल खंडेश्वर ने बताया कि प्रबंधन ने हमें विनय की मौत की जानकारी नहीं दी। उसे पहले अस्पताल ले जाया गया। वहां से परिजनों को बाहर भेजकर स्ट्रेचर पर लादा और मॉयल की एम्बुलेंस से जिला अस्पताल लाया गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय पटले का कहना है कि एम्बुलेंस में लगा ऑक्सीजन सिलेंडर खाली था। मृतक के मुंह पर ऑक्सीजन मास्क सिर्फ दिखावे के लिए रखा गया था। यह सब श्रमिकों को आंदोलन से रोकने के लिए किया गया। पिता संजय खंडेश्वर ने बेटे की मौत को मॉयल प्रबंधन की लापरवाही बताया। उन्होंने बताया कि विनय मेरा बड़ा बेटा था। उसके दो मासूम बच्चे हैं। हम चाहते है कि मामले में दोषियों पर कार्रवाई हो और मृत बेटे के परिवार को मुआवजा दिया जाए।

## पीएम जनमन व धरती आबा अभियान अंतर्गत शिविरों का क्रियान्वयन निरंतर जारी

**बालाघाट।** जनजातीय समुदायों को सशक्त बनाने तथा शासन की विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ उन तक पहुंचाने के लिए प्रधानमंत्री जनजाति न्याय अभियान एवं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत 15 जून से 30 जून तक जिले में विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को आयोजित शिविर में 129 के आधार कार्ड, 153 के आयुष्मान कार्ड, 98 के जाति प्रमाण पत्र, 3 के मूल निवासी, 11 के किसान सम्मान निधि, 36 के केसीसी तथा 0 के जन धन खातों की संख्या सुनिश्चित की गई है। वहीं शुक्रवार को जिले की मोहगांव पंचायत के आंगनबाड़ी भवन में शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा लालबर्रा के गारापुरी, परसवाड़ा के खैरलांजी, धनवार व कुमादेही, बैहर के पोला व गोहारा और बिरसा जनपद के कोरका व भगतवाही में पीएम जनमन व धरती आबा अभियान अंतर्गत शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

## टेकाड़ी (म.) में शिविर के नाम पूरी की गई खानापूर्ति

### सवाल जनजातीय समाज को कैसे मिलेगा न्याय...?



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** जनजातीय समुदायों के समग्र विकास और उनके जीवन स्तर को सुधारने की दिशा में केन्द्र सरकार के द्वारा उठाए गए एक बड़े कदम को प्रशासनिक अधिकारियों की घोर लापरवाही ने कुचलकर रख दिया. बात हो रही है प्रधानमंत्री जनजातीय न्याय अभियान और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत शिविर के आयोजन की. गुरूवार को जनपद पंचायत कटंगी की ग्राम पंचायत टेकाड़ी (म.) में इस अभियान के तहत अवेयरनेस एंड बेनीफिट सेचुरेशन कैंपस यानी जागरूकता और लाभ संतृप्ति शिविर का आयोजन किया गया. यूं कहें कि शिविर के नाम पर केवल खानापूर्ति पूरी की गई तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी. पंचायत सरपंच ओम प्रकाश उइके ने भी यहीं आरोप लगाए है. उनका कहना है गांव में शिविर का आयोजन होना था. इसकी जानकारी भी उन्हें आज (गुरुवार) पता चली. पंचायत सचिव, रोजगार सहायक ने ना तो सरपंच होने के नाते उन्हें कोई जानकारी दी ना ही गांव में शिविर के आयोजन की कोई मुनादी करवाई गई. जिस कारण शिविर में एक भी हितग्राही शामिल नहीं हुआ. सरपंच ने बताया कि गुरुवार की सुबह जब पंचायत में स्वास्थ्य विभाग के कुछ कर्मचारी आए तब गांव में शिविर होने की जानकारी मिली. बड़ा सवाल यह है कि तमाम विभागों के अधिकारियों की ड्यूटी लगाने के बावजूद बरती गई इस घोर लापरवाही से जनजातीय समाज को न्याय कैसे मिलेगा और सरकार का जो मकसद है वह कैसे पूरा होगा ?

**एसडीएम ने लगाई थी डयूटी:** प्रधानमंत्री जनमन योजनान्तर्गत सर्वे कार्य के दौरान जनपद पंचायत कटंगी की ग्राम पंचायत कालीमाटी, कोयलारी, टेकाड़ी (म.), टेकाड़ी (भ.), बिछवा, चाकाहेटी, सुकली, कुड़वा में बैगा जनजाति परिवार चिन्हित किए गए है. इन चिन्हित परिवारों को शिविर लगाकर जाति प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, पीएम सम्मान निधि, जनधन खाता, राशन कार्ड का लाभ प्रदाय किए जाना था. जिसके लिए एसडीएम ने 16 जून को एक आदेश जारी कर महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना अधिकारी, खंड चिकित्सा अधिकारी, वरिष्ट कृषि विस्तार अधिकारी, वरिष्ट खंड शिक्षा अधिकारी, शाखा प्रबंधक कटंगी और तिरोड़ी, हल्का पटवारी, ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक के अलावा पवित्र लांजेवार आधार सुपरवाइजर की डॅयूटी शिविर के लिए लगाई. 19 जून को टेकाड़ी (म.) में तीसरा शिविर आयोजित हुआ. शिविर में कितने पात्र हितग्राहियों को लाभ दिया गया. इसकी पुष्टि इन अधिकारियों से की जानी चाहिए. जिनकी एसडीएम ने ड्यूटी लगाई थी बताना जरूरी है कि सुबह जब हम सरपंच की शिकायत पर पंचायत पहुंचे जहां शिविर लगा था तो वहां स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग से कर्मचारी मौजूद थे लेकिन शेष विभागों से कोई भी नहीं आया था. सरपंच के मुताबिक पंचायत सचिव और रोजगार सहायक ने गांव में ग्रामीणों को शिविर की जानकारी नहीं दी. प्रचार-प्रसार नहीं होने के कारण शिविर में एक भी हितग्राही परिवार नहीं आया।


### इनका कहना है -

पंचायत सचिव और रोजगार सहायक ने गांव में शिविर का कोई प्रचार-प्रसार नहीं किया गया मुझे भी आज पता चला कि गांव में शिविर है. जिस कारण ग्रामीणों को शिविर का लाभ नहीं मिल पाया. जिनके लिए यह शिविर आयोजित किया गया था. शिविर में जिन विभागों के अधिकारी और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी. वह भी नदारद थे।

**ओम प्रकाश उइके, सरपंच ग्राम पंचायत टेकाड़ी (म.)**

## ग्राम लवेरी के गायत्री परिवारों ने रानी लक्ष्मीबाई की जयंती पर दीप प्रज्वलित करके उन्हें श्रद्धांजलि दी

**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।**





ग्राम लवेरी के अनुरूद्ध बघेले के निवास पर रात्रि 8:00 बजे से 10:00 बजे तक मां गायत्री शक्तिपीठ परिवारो द्वारा जिसमें महिलाएं पुरुषों ,नवयुवकों ,बुजुर्गो व नारी शक्ति संवर्धन को प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई का जन्म 11 नवंबर 1828 को हुआ था मां भागीरथी भाई पिता मोरोपंत तांबे की सुपुत्री सन 1842 में विवाह मराठा राजा गंगाधर राव नेवालकर से हुआ राजा का देहांत सन 1858 को हुआ दस्तक पुत्र दामोदर राव रखा गया पर अंग्रेजों की हड़प नीति में उन पर हमला किया। संघर्ष चलता रहा, 18 जून 1858 में ग्वालियर के पास कोटा की सराय में अंग्रेजों से लड़ते-लड़ते वीर गति को प्राप्त हुई हम सभी किरनापुर शक्तिपीठ व प्रज्ञा मंडल लवेरी व ग्रामवासियों उन्हें इस अवसर पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं ऐसी वीरांगनाओं से राष्ट्र गौरव व संस्कृति की रक्षा की प्रेरणा लेते हैं। इस कार्यक्रम में गायत्री महायज्ञ का आयोजन भी किया गया। श्रद्धालुओं अपने -अपने घरों से दीप लेकर आए और सामूहिक रूप से प्रज्वलित किया। किरनापुर गायत्री शक्तिपीठ से आए सम्माननीय रेखा लाल सिहोरे जी ने यज्ञ के महत्व को विस्तृत रूप से समझाते हुए बताया कि दीप जलाना आत्मा को प्रकाशित करने और मानव जीवन में सत्य प्रेम और करुणा का प्रसार करने का प्रतीक है ,दीप यज्ञ जैसे आयोजन समाज में न केवल धार्मिक और आध्यात्मिक जागरूकता लाते हैं बल्कि समाज को एकजुट करके और उसकी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देने का कार्य भी करते हैं। इस कार्यक्रम में उपस्थित सुन्दर लाल बघेले, श्रीमती सावनबाई बघेले,खेमलाल सिहोरे,भोजलाल लिल्हारे, बंटी नगपुरे,तपेन्द्र बघेले,धुरनलाल बम्बुरे गुनेश बघेले, श्रीमती कविता लिल्हारे, श्रीमती सुनीता विरनवार,, श्रीमती संगीता बघेले , श्रीमती घनवंती बघेले राजेश बघेले, श्रीमती राजवंती बघेले और भी बाहर से आए हुए आगंतुकों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया कार्यक्रम के अंत में आरती कर महाप्रसादी का वितरण किया गया।

### जन अभियान परिषद ने श्रमदान कर दिलाई शपथ

## चिचगांव में चलाया गया जल गंगा संवर्धन अभियान



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** बालाघाट कलेक्टर मृणाल मीणा बालाघाट के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखण्ड कटंगी द्वारा गठित ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति चिचगांव और मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम अंतर्गत समाज कार्य में स्नातक और स्नातकोत्तर कर रहे छात्र-छात्राओं ने चिचगांव में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जन जागरूकता कार्यक्रम चलाकर सार्वजनिक कुआं और इसके आस-पास की साफ-सफाई कर मलबा निकाला. जिसके बाद विकासखंड समन्वयक सुरेंद्र कुमार भगत ने ग्रामीणों को जल संरक्षण-संवर्धन और स्वच्छता की शपथ दिलाई. उन्होंने कहा हमें आने वाले समय के लिए जल को बचाना है और यह हम सभी के सामूहिक प्रयास से संभव होगा. उन्होंने जल की महत्वत्ता पर ग्रामीणों से आपस में चर्चा संवाद कर साझा करने के लिए प्रेरित किया और कहा कि शासन द्वारा जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए अभियान चलाया जा रहा है. इस तरह हम अपने गांव, अपने घर, अपने परिवार और मोहल्ला के साथ गांव में सभी समाज वर्गो में जन-जागरूकता लाकर जल है तो कल है और इसके लिए जल संरक्षण करना सार्वजनिक कुआं की साफ-सफाई, सोख्ता बंधवाना, गड्डे बनना जैसे संरचनाओं का निर्माण करना, पानी व्यर्थ ना बहे इसलिए जन जागरूकता कार्यक्रम करना चाहिए।

सुरेन्द्र भगत ने कहा कि हमारे द्वारा जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, जन अभियान परिषद द्वारा अनेक प्रकार के जन जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं जिसमें आप सभी का सहयोग मिलता है. जन अभियान परिषद द्वारा निरंतर इस प्रकार के जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं उन्होंने कहा कि हम सभी को जल ही जीवन है जल है तो कल है इस कहावत को चरितार्थ करने की आवश्यकता है. इस दौरान अरविंद दरवडे, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम अंतर्गत समाज कार्य में स्नातक और स्नातकोत्तर के सामाजिक कार्यकर्ता लता पटले, उर्वशी पटले, रविता मुर्खे, ग्रामीण परवीन बानो, शोभा सहारे, लक्ष्मी सोनी, सुरेखा मूर्खे ,अंजू सैनी, स्वाति कुर्वे, कविता राउत, फर्द शेख, रुखसाना बेगम, नाजिया खान, असफिया खान, मोहम्मद शफीक खान, राबिया बानो, गुलनाज खान सिनेमा खान,सरिता भारती, संगीता गोस्वामी, लाडो गोस्वामी, सहित ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के पदाधिकारी और ग्रामीण उपस्थित रहे. कार्यक्रम का सफल आयोजन उर्वशी पटेल द्वारा किया गया।

### परीक्षा में शामिल हुए बच्चो ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन, पुरस्कार से हुए सम्मानित

## वन विभाग खैरलांजी ने प्रश्नोत्तरी एंव चित्रकला प्रतियोगिता का किया आयोजन







**हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।**

वन परिक्षेत्र खैरलांजी के तत्वावधान में वन सीमा सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत वन परिक्षेत्र अधिकारी डी.सी.वासनिक के मार्गदर्शन में 19 जून गुरुवार को वन विभाग के द्वारा शासकीय सीएम राईज स्कूल खैरलांजी में प्रश्नोत्तरी एंव चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रतियोगितता में शासकीय एंव अध्दशासकीय चार स्कूलो के अध्ययनरत कक्षा दसंवी एंव बारहॅवी के करीब 60 छात्र छात्राओ के द्वारा प्रश्नोत्तरी एंव चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर वन परिक्षेत्र अधिकारी डी.सी.वासनिक के द्वारा प्रतियोगिता के प्रारंभ में छात्र छात्राओ को परीक्षा की बारिका के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी ताकि विधार्थीयो को परीक्षा देने में कठिनाई न हो और प्रश्न पत्र को आसानी से समझा जा सके। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तेजल बिजेवार शातिं विधापीठ स्कूल भौरगढ,द्वितीय स्थान नंदनी बागडे शासकीय हाई खरखडी ,एंव तृतीय स्थान शौर्य मेश्राम शांति विधापीठ स्कूल भौरगढ के अध्ययनरत विधार्थियो के द्वारा प्राप्त किया गया । जिन्हें वन विभाग के परिक्षेत्र अधिकारी डी.सी.वासनिक, प्राचार्य शैलेंद्र साहरे एंव सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी दिलीप ऊके के हस्ते पुरस्कार देकर सम्मानित किया एंव आगे बढने के प्ररित किया गया। इस दौरान वन परिक्षेत्र अधिकरी डी.सी.वासनिक ने परीक्षा में शामिल हुए बच्चो को पढ़ाई लिखाई के लिए प्रेरित करते हुए वनो के महत्व में जानकारी दि तथा परीक्षार्थीयो की स्मरण शक्ति, कार्य क्षमता, ज्ञान कौशल, एंव तर्क शक्ति में इजाफा हो जिसके लिए ऐसी सकारात्मक परीक्षा आयोजित करने की बात कही साथ आगे भी ऐसी परीक्षा में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करते हुए प्रेरणादायक वक्तव्य दिया। इस दौरान सी.एम.राईज प्राचार्य शैलेंद्र साहरे ने परीक्षा में शामिल हुए बच्चो को प्रोत्साहित किया एंव बच्चो के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सहारना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की साथ ही वन विभाग की प्रशंसा की जिन्होंने बच्चो के ज्ञान कौशल में बढौतरी के लिए प्रतियोगिता रखी । इस दौरान कार्यक्रम में वन परिक्षेत्र अधिकारी डी.सी.वासनिक, शासकीय सी.एम.राईज स्कूल प्राचार्य शैलेंद्र साहरे, दिलीप ऊके सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी युवराज बोरकर, सहा.वन अधिकारी राकेश साहू ,जागेंद्र सिंह सिंगमारु, सुनिल गौतम, प्राचार्य एम के तिवारी शासकीय हाई स्कूल खरखडी, अर्चिता शिवहरे, केके डोगरे, पूजा गौतम, सहित स्कूल के अन्य अध्यापक एंव वन विभाग का अमला मौजूद रहा।

## दि बुद्धिस्ट सोसायटी तहसील शाखा लालबर्रा का पुनर्गठन 22 जून को

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

भारतीय बौद्धो की सर्वोच्च सामाजिक धार्मिक संस्था दि बुद्धिस्ट सोसायटी आफ इंडिया के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष समता सैनिक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष बोधिसत्व डा. बाबा साहेब आंबेडकर के पौत्र डा.भीमराव यशवंतराव आंबेडकर के कुशल नेतृत्व एवं निर्देश से बौद्ध धम्म का कारवां धम्म संस्था के माध्यम से गतिमान हो रहा है। इसी क्रम में मध्यप्रदेश राज्य शाखा में संस्था के मध्यप्रदेश द. के अध्यक्ष डा.चरनदास ढेंगरे के नेतृत्व में कारवां निरंतर गतिमान हो रहा है। इसी कडी में जिले में धम्म कार्य प्रत्येक तहसील, ग्रामों तक पहुंचाने का कार्य भी निरंतर जारी है। इसी तारतम्य में जिले की लालबर्रा तहसील का कार्यकाल पूर्ण होने के कारण दिनांक 22 जून 2025 को दोपहर 12 बजे से स्थानीय कृष्णालॉन लालबर्रा जिला बालाघाट में शाखा का पूनर्गठन समारोह आयोजित किया गया है। इस समारोह के मुख्य अतिथि संस्था के मध्यप्रदेश राज्य शाखा के अध्यक्ष डा. चरनदास ढेंगरे जी होगें। वही अध्यक्षता एस.एल.रंगारे जिलाध्यक्ष करेगें। विशेष अतिथि के रूप में संस्था के प्रदेश सचिव आर.



के. कठाने,राजकपुर कामडे प्रदेश कार्यालयसचिव, हेमलता राजेन्द्र डोंगरे, प्रदेश उपा. प्रमीला चौहान जिला कोषाध्यक्ष खुशीयाल मेश्राम एवं देवानंद रंगारे जिला उपाध्यक्ष, अशोक कुमार मेश्राम जिला सचिव, वारासिवनी से अध्यक्ष आर



डी बंसोड, महासचिव अभिराज मेश्राम, धमेन्द्र कुमार घोडेसवार, उपाध्यक्ष मुकेश पटले नगर अध्यक्ष, महासचिव मनोज भालाधरे, बालाघाट नगर कोषाध्यक्ष पुर्नीमा ताई गनवीर के आतिथ्य में सम्पन्न होगा। इस पुनर्गठन प्रक्रिया में संस्था के सदस्य बनकर बोधिसत्व डा. बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर जी की धम्म संस्था को मजबूती प्रदान कर धम्म कार्य को गतिमान करने हेतु लालबर्रा के पूर्व अध्यक्ष प्रमोद चौहान, गौतम कुमार मेश्राम अध्यक्ष कोमल रंगारे बहियाटिकुर तहसील उपाध्यक्ष प्रहलाद मेश्राम संयोजक लालबर्रा रघुवीर मेश्राम, राजेश चौरे, छबीराम घूमनेकर, धनराज खोंब्रागढे आदि कार्यकर्ताओं ने पुनर्गठन प्रक्रिया में भाग लेकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु तहसील लालबर्रा के समस्त अनुयायियो से अपील की है।

